

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**LOK SABHA SPEAKER ARRIVES IN VIENNA TO ATTEND 5TH WORLD CONFERENCE OF SPEAKERS OF PARLIAMENT AND FIRST GLOBAL PARLIAMENTARY SUMMIT ON COUNTERING TERRORISM / लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल संसदों के अध्यक्षों के पांचवें विश्व सम्मेलन और आतंकवाद का मुकाबला करने संबंधी प्रथम वैश्विक संसदीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वियना, ऑस्ट्रिया पहुंचे ।**

…

**DURING CONFERENCES, SHRI BIRLA WILL SHARE VIEWS ON GLOBAL RESPONSE TO COVID -19, REPEALING LAWS THAT DISCRIMINATE AGAINST WOMEN & GIRLS, PARLIAMENTS AND GLOBAL GOVERNANCE / सम्मेलनों के दौरान श्री बिरला कोविड-19 से उपजी चुनौतियों का सामना करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग, महिलाओं-बालिकाओं के प्रति भेदभावपूर्ण कानून समाप्त कर लैंगिक समानता सुनिश्चित करने, संसद और वैश्विक शासन समेत कई विषयों पर अपने विचार रखेंगे ।**

…

**SHRI BIRLA WILL ALSO ATTEND SESSION ON COUNTERING TERRORISM/ श्री बिरला 'आतंकवाद का मुकाबला' विषय पर होने वाले सत्र में भी भाग लेंगे।**

...

**SHRI BIRLA WILL HOLD BILATERAL MEETINGS WITH HIS COUNTERPARTS OF MEMBER PARLIAMENTS / श्री बिरला सदस्य संसदों के समकक्ष विशिष्टजनों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।**

**Vienna, 6 September, 2021:** An Indian Parliamentary Delegation led Shri Om Birla, Speaker, Lok Sabha comprising of Shri Harivansh, Deputy Chairman, Rajya Sabha and Shri Utpal Kumar Singh, Secretary General, Lok Sabha arrived in Vienna, Austria, today.

The Delegation will attend the Fifth World Conference of Speakers of Parliament (5WCSP) on 7 and 8 September and the First Global Parliamentary Summit on Countering Terrorism on 9 September, 2021 which are being organized jointly by the inter- Parliamentary Union (IPU), Geneva and the Parliament of Austria with the support of United Nations.

It will be the first physically attended global parliamentary event post Covid-19 pandemic.

Lok Sabha Speaker Shri Birla will participate in the Interactive General Debate of 5WCSP during the discussions following two motions:

1. The global response to COVID -19 pandemic challenges multilateralism's ability to deliver for the people, and

2. Repealing laws that discriminate against women and girls is the only path towards achieving gender equality.

Lok Sabha Speaker, Shri Birla, will participate in the Panel Discussion on the theme “Parliaments and Global governance: The unfinished agenda”. Hon’ble Deputy Chairman Rajya Sabha Shri Harivansh will also participate in this Panel.

A High-Level Declaration on the overall theme of the 5WCSP “Parliamentary leadership for more effective multilateralism that delivers peace and sustainable development for the people and planet”, highlighting the solidarity of all Parliaments of the world amidst the crisis of COVID-19 pandemic will be adopted at the end of the Conference.

On the sidelines of the events, Lok Sabha Speaker Shri Birla will hold bilateral meetings with his counterparts of Member Parliaments of Inter-Parliamentary Union (IPU).

The Fifth World Conference of Speakers of Parliament (5WCSP) is being held in the backdrop of the ongoing COVID-19 pandemic and its catastrophic impact on people and economy of the world. The Conference is envisaged to strengthen multilateralism and international cooperation to rebuild a better world ahead.

**विएना, 6 सितम्बर, 2021** : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल 7 से 9 सितंबर 2021 तक वियना, ऑस्ट्रिया पहुँच गया है । इस

शिष्टमंडल में राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश, और लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह भी शामिल हैं ।

यह शिष्टमंडल 7 और 8 सितंबर को संसदों के अध्यक्षों के पांचवें विश्व सम्मेलन और 9 सितंबर को आतंकवाद का मुकाबला करने संबंधी प्रथम वैश्विक संसदीय शिखर सम्मेलन में भाग लेगा। इन सम्मेलनों का आयोजन अंतर-संसदीय संघ (IPU), जिनेवा और ऑस्ट्रिया की संसद मिलकर संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से कर रहे हैं ।

कोविड -19 महामारी के प्रकोप के बाद यह पहला ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संसदीय कार्यक्रम होगा जिसमे प्रतिभागी शारीरिक रूप से भाग लेंगे I

लोक सभा अध्यक्ष श्री बिरला संसदों के अध्यक्षों के पांचवें विश्व सम्मेलन में निम्नलिखित दो प्रस्तावों पर होने वाली आम चर्चा में भाग लेंगे:

1. कोविड -19 महामारी से उपजी चुनौतियों का सामना करने के लिए विश्व स्तर पर की गई कार्रवाई और जनता की सहायता करने में बहुपक्षवादी कार्यनीति की सफलता' और

2. महिलाओं और बालिकाओं के प्रति भेदभाव करने वाले कानूनों का निरसन ही लैंगिक समानता की दिशा में एकमात्र उपाय है।

लोक सभा अध्यक्ष, श्री बिरला "संसद और वैश्विक शासन: अनफिनिशड  एजेंडा" विषय पर पैनल चर्चा में भाग लेंगे। राज्य सभा के उप सभापति, श्री हरिवंश भी इस पैनल चर्चा में भाग लेंगे।

संसदों  के अध्यक्षों के पांचवें शिखर सम्मेलन  के अंत में इस सम्मेलन के मुख्य विषय ‘जनसाधारण और पृथ्वी के लिये शांति और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त करने हेतु प्रभावी बहुपक्षीय कार्यवाही के लिए संसदीय नेतृत्व’ पर एक उच्च स्तरीय घोषणा पारित की जाएगी जिसमें कोविड -19 महामारी के संकट काल में दुनिया की सभी संसदों की एकजुटता को दर्शाया जाएगा ।

इन सम्मेलनों के साथ आयोजित कार्यक्रमों के दौरान, लोक सभा अध्यक्ष, श्री बिरला अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के सदस्य संसदों के समकक्ष विशिष्टजनों  के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

संसद के अध्यक्षों का पांचवां विश्व सम्मेलन वर्तमान कोविड -19 महामारी तथा पूरी दुनिया में लोगों और अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहे इसके विनाशकारी प्रभाव की पृष्ठभूमि में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य बहुपक्षवाद और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करते हुए एक बेहतर विश्व का पुनर्निर्माण करना है ।